'गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी'

- जोधपुर डिस्कॉम और बीकेईएसएल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली
- जनप्रतिनिधियों की चिट्ठी और फोन को अधिकारीगण गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता से उन पर कार्य करें।

बीकानेर । ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि आने वाली भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसको लेकर ना केवल बिजली विभाग बल्कि मुख्यमंत्री तक सक्रिय हैं । नागर गुरुवार को बिजली विभाग के संभागीय मुख्य अभियंता कार्यालय सभागार में जोधपुर डिस्कॉम और बीकेईएसएल अधिकारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होने अधिकारियों से कहा कि एक ऑफिस से दूसरे ऑफिस फाइल-फाइल खेलना बंद कर एक साथ बैठकर फाइलों का तत्काल निस्तारण करें ताकि लोगों को राहत मिले।उन्होने कहा कि एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में फाइल आएगी-जाएगी, इस जनरल प्रैक्टिस को अधिकारीगण आपसी समन्वय से खत्म करें।

नागर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की चिट्ठी और फोन को अधिकारीगण गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता से उन पर कार्य करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरडीएसएस कार्यों की धीमी गति पर ऊर्जा मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए आरडीएसएस के अधिशाषी अभियंता श्री विजय सिंह मीणा को त्तत्काल एपीओ करने के निर्देश जोधपुर डिस्कॉम एमडी को दिए।

उन्होंने अधिकारियों को सिंगल फेज कनेक्शन पर खेतों में मोटर चलाने पर शत प्रतिशत रोक लगाने और इसको लेकर औचक निरीक्षण करने, किसानों से बकाया की वसूली मार्च में करने के सिस्टम में परिवर्तित करते हुए अप्रैल में अधिकतम वसूली करने, बकाया वसूली को लेकर जयपुर डिस्कॉम की तर्ज पर ट्रांसफार्मर पर ही नंबर लिखने और उस नंबर को संबंधित किसान के बिल में भी मेंशन करने के निर्देश उच्चाधिकारियों को दिए।

नागर ने बीकानेर शहर की फ्रेंचाइजी कंपनी बीकेईएसएल के कार्मिकों द्वारा जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाने पर भारी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और आमजन के फोन 24 घंटे उठने चाहिए। हल्के आंधी तूफान में ही इतनी शिकायतें आ रही है तो फिर फ्रेंचाइजी का मतलब क्या हुआ। उन्होने बताया कि बीकेईएसएल की विजिलेंस कार्रवाई की सुनवाई अधीक्षण अभियंता (एसई) स्तर पर होती है। लेकिन इसकी जानकारी नहीं दी जाती। इसकी जानकारी आमजन को देने हेतु बीकेईएसएल के सभी कार्यालयों में बोर्ड लगाने के निर्देश ऊर्जा मंत्री ने दिए। साथ ही बीकेईएसएल में लगे बाहरी राज्य के लोगों को हटाकर राजस्थान के और स्थानीय लोगों को प्राथमिकता से लगाने के निर्देश दिए।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने आरडीएसएस के कार्य तेजी से पूरे करने के लिए किसी एक कंपनी को कार्य ना देकर विधानसभा वार अलग अलग कंपनियों को कार्य देने और पुराने ठेकेदारों के कॉकस को तोड़ते हुए स्थानीय ठेकेदारों को कार्य देने की आवश्यकता बताई तो सभी जनप्रतिनिधियों ने इस पर सहमति जताई।

बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने शहरी क्षेत्र में तीन वर्ष के बिजली बिल बकाया की वसूली एक साथ ना करके आसान किस्तों में करने, विद्युत मीटर हटाते समय उपभोक्ताओं को विश्वास में लेने,विजिलेंस की कार्रवाई नियमानुसार करने और उसकी सुनवाई अधीक्षण अभियंता स्तर पर करने की बात कही। साथ ही कहा कि बीकेईएसएल में बाहरी राज्यों के कार्मिक लगे हैं जो फोन तक नहीं उठाते। लिहाजा कंपनी बाहरी लोगों को हटाकर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए। निगम द्वारा गत दिनों करीब 100 अल्प वेतन भोगियों के स्थानांतरण जिले और शहर से बाहर कर दिए जाने के मामले में श्री व्यास ने सहानुभूतिपूर्ण विचार करते हुए स्थानान्तरण रद्द करने का आग्रह ऊर्जा मंत्री से किया।

कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी ने आरडीएसएस की धीमी गति पर भारी नाराजगी जताते हुए कहा कि हदां 132 केवी जीएसएस का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। इससे पूर्व जोधपुर डिस्कॉम के संभागीय मुख्य अभियंता श्री के.के.कस्वां ने विभाग की उपलब्धियों और समस्याओं को लेकर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। बैठक में खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल,श्रीमती सुमन छाजेड़, श्री श्याम पंचारिया, जोधपुर डिस्कॉम के एमडी डॉ भंवरलाल, अधीक्षण अभियंता श्री भूपेन्द्र भारद्वाज समेत जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता स्तर तक के अधिकारी और बीकेईएसएल के कार्मिक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में जीता पदक

नोखा । राजकीय महाविद्यालय देशनोक के छात्र मानव सारड़ा ने एक बार फिर बीकानेर का नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी साइक्लिग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की मेजबानी में हुई इस प्रतियोगिता में मानव ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। विशेष बात यह रही कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनोज दीक्षित ने मोटरसाइकिल पर 40 किलोमीटर तक मानव का साथ दिया और उनका हौसला बढ़ाते रहे।

मानव के लिए यह कोई नई उपलब्धि नहीं है। वे पहले ही दो बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मार्च 2024 में अमृतसर में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी साइक्लिंग प्रतियोगिता में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। जनवरी 2024 में कर्नाटक के बीजापुर में हुई अंडर-23 नेशनल साइक्लिंग चैंपियनशिप में वे नेशनल चैंपियन बने थे। इस सफलता में मानव के कोच किशन कुमार पुरोहित और श्रवण राम डूडी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राजकीय महाविद्यालय देशनोक के सह आचार्य डॉ. ब्रज मोहन खत्री ने बताया कि मानव की इस उपलब्धि से पूरा बीकानेर और राजस्थान गौरवान्वित है।

सार-समाचार

पेयजल संकट गहराया

श्रीगंगानगर। गर्मी के दौरान नहरबंदी के एक सप्ताह के दौरान ही पेयजल को लेकर समस्याएं सामने आने लगी हैं। तीन ई छोटी के लोग सर्दियों के दौरान से ही पेयजल सप्लाई और लाइनें टूटने की समस्या से परेशान हैं। अब तो हालत टैंकर मंगवाकर पेयजल की जरूरत पूरी करने पर पहुंच गई है। तीन ई छोटी वार्ड नंबर 48, गली नंबर 8 ए, गली 6, शिवाजी नगर फर्स्ट में पिछले कई दिनों से पानी की किल्लत चल रही है। जलदाय विभाग के अधिकारी की ओर से मौके पर पानी की स्थिति चेक करने के बावजूद रात को काफी घरों में पानी नहीं आया। इस कारण परेशान लोगों ने दिन में जलदाय विभाग के अधिकारियों को फोन कर पानी के टैंकर भेजने का आग्रह किया। शिवनगर मोहल्ला सुधार समिति अध्यक्ष गुरजंटसिंह ने बताया कि जिन घरों में पानी नहीं आ रहा था उनके घरों में पानी के टैंकरों द्वारा पीने का पानी भरवाया गया।

कलेक्टर ने की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

बीकानेर,। जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट भाषण के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी स्थिति में ढिलाई नहीं बरती जाए। उन्होंने भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों की प्रगति के बारे में जाना और कहा कि भूमि आवंटन से जुड़े कार्य अनावश्यक लंबित न रहें। इसके लिए अधिकारी आपसी समन्वय रखें। उन्होंने विभिन्न विभागों के लिए की गई घोषणाओं तथा विभागों द्वारा अब तक किए गए कार्यों के बारे में जाना। इसके लिए सभी बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर इनकी मॉनिटरिंग होती है। इसके मद्देनजर अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्य करें। जिला कलेक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत आगामी दिनों में होने वाले पौधारोपण कार्यों की तैयारी के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यालय परिसर और अन्य स्थानों पर किए जाने वाले पौधारोपण का अनुमान तैयार करें। साथ ही इसके लिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

एमजीएसयु ने लहराया परचम

बीकानेर, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा राष्ट्रीय स्तर की साईकिलिंग रोड रेस पुरूष एवं महिला प्रतियोगिता का शुभारंभ आज पहले दिन व्यक्तिगत टाईम ट्रायल 40 किलोमीटर स्पर्धा को विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित, वित्त नियंत्रक अरविन्द बिश्नोई, सी.एफ.आई के चीफ कमिश्यर डॉ. धमेन्द्र लांबा, भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के पर्यवेक्षक डॉ. मित्रपाल सिंह, अतिरिक्त कुलसचिव डॉ. बिट्ठल बिस्सा द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय रेल्वे के प्रशिक्षक रामनारायण चौधरी, जितेन्द्र चौधरी एवं जिला खेल अधिकारी श्रवण भाम्भू मुख्य निणर्न्यन अधिकारी की भूमिका में उपस्थित थे। आयोजन सचिव एवं खेलकूद निदेशक डॉ. यशवन्त गहलोत ने बताया कि आज प्रथम दिन व्यक्तिगत टाईम ट्रायल स्पर्धा में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के खिलाड़ी मानव सारड़ा ने 49:53:62 समय के साथ लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रचा, रजत पदक लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, जलंधर के गौरांग गोरे ने 50:04:88 समय के साथ प्राप्त किया एवं कांस्य पदक कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के साहिल ने 50:53:11 समय के साथ प्राप्त किया। इसी स्पर्धा के महिला वर्ग में एस.आर.एम. विश्वविद्यालय चेन्नई की धन्यधा जे.पी. ने 29:50:80 समय के साथ स्वर्ण पदक, पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला की मंजू चौधरी ने 29:54:40 समय के साथ रजत पदक एवं महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की पूजा बिश्नोई ने 29:58:46 समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षक किशन पुरोहित एवं श्रवण डूडी को कुलपति द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर बधाई प्रेषित की। उल्लेखनीय है कि देश के लगभग 70 विश्वविद्यालय के 360 महिला और पुरूष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन दोनों कैटेगरी में टीम टाईम ट्रायल स्पर्धा आयोजित होगी। टीम टाईम ट्रायल स्पर्धा के लिए खिलाडियों ने अभ्यास भी किया।

थाने में दर्ज कराई शिकायत

बीकानेर, सीआईडी (स्पेशल ब्रांच) बीकानेर के उपनिरीक्षक नारायण शंकर सेवग एवं शैलेंद्र सिंह को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदक एवं राज्य सरकार के पुलिस विभाग द्वारा अति उत्तम सेवा चिन्ह वर्ष 2022 एवं 2023 का प्रदान किया गया। इनके साथ सहायक उपनिरीक्षक जगमाल सिंह एवं विजय यादव, हेड कांस्टेबल को भी यह उत्कृष्ट सेवा पदक एवं अति उत्तम सेवा चिह्न से राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित समारोह में डीजीपी इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल ने सम्मानित किया। भाजपा नेता राजकुमार किराडू एवं अन्य जागरूक कार्यकर्ताओं ने नया शहर थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में बताया कि फेसबुक पर वार्ड पार्षद बीकानेर नामक फर्जी आईडी बनाकर विधायक के विरुद्ध झूठे एवं भ्रामक आरोप लगाए जा रहे हैं तथा अभद्र पोस्ट डालकर उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। किराडू ने बताया कि यह कार्य न केवल एक जनप्रतिनिधि की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है, बल्कि समाज में भ्रम और असंतोष फैलाने की साजिश भी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि उक्त फर्जी फेसबुक आईडी की जाँच की जाए, इसके पीछे के व्यक्ति की पहचान कर उस पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए। साथ ही, इस प्रकार की अन्य फर्जी आईडी की भी पड़ताल की जाए और आपत्तिजनक पोस्ट्स को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। इस अवसर पर राजा किराडू, हर्षवर्धन जोशी, प्रकाश व्यास, सरजू नारायण पुरोहित, गिरधर जोशी, विजय सिंह सिकराली, जितेन्द्र पारीक, त्रिलोक नारायण पुरोहित, वीरेंद्र जोशी, राम चंद्र खिलेरी, भिया राम जोशी, ललित व्यास, किशन किराडू भी उपस्थित थे।

कार्यशाला का आयोजन

बीकानेर । रिटर्न फाइलिंग, टैक्स नोटिस व विसंगतियों से जूझ रहे व्यापारियों के लिए अब समाधान एक क्लिक दूर है। तुलसी सर्किल स्थित कर भवन में आयोजित ई-टैक्स ऑफिसर कार्यशाला में व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पोर्टल की उपयोगिता को लेकर उत्साह जताया। राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत विकसित की गई ई-टैक्स ऑफिसर सुविधा को लेकर डीलर्स मीटिंग व कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों को पोर्टल की कार्यप्रणाली और इसके तकनीकी पक्षों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता वाणिज्यिक कर विभाग के उपायुक्त (प्रशासन) कान्ति लाल जसोल ने की। मास्टर ट्रेनर गोविंद चौहान (वाणिज्यिक कर अधिकारी) ने पोर्टल की उपयोगिता, लॉगिन प्रक्रिया, मिसमैच सुधार, नोटिस व्यू और लेट फीस संबंधी जानकारी को लेकर लाइव डेमो के माध्यम से व्यापारियों को प्रशिक्षित किया। एक प्लेटफॉर्म, कई समाधान ई-टैक्स ऑफिसर एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो व्यापारियों को उनके जीएसटीआईएन से जुड़ी सभी जानकारियां जैसे रिटर्न में विसंगति, पेंडिंग टैक्स, नोटिस, लेट फीस आदि एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाता है। यह पोर्टल राज्य सरकार की एसएसओ आईडी के जरिए लॉगिन किया जा सकता है, जिससे डेटा की सुरक्षा और उपयोगकर्ता की पहचान सुनिश्चित होती है। व्यापारियों में दिखा उत्साह कार्यशाला में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया और पोर्टल को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। व्यापारियों ने कहा कि इससे ना केवल रिटर्न फाइलिंग में पारदर्शिता आएगी ।

मिट्टी के पाळसिये बांटे जायेंगे

बीकानेर । मानव धर्म प्रचार सेवा संस्थान एवं श्रीगंगा जुबली पिंजरा प्रोल गोशाला के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार से आगामी जुलाई माह तक राजस्थान, पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड में कुल 21000 परिंडों का वितरण अभियान शुरु होगा। बालसंत डॉ. छैल विहारी महाराज द्वारा बेजुबान पक्षियों की सेवार्थ मन्दिर, स्कूल, कॉलेज एवं शहर के आसपास निर्जन स्थानों एवं गोचर भूमि में बेजुबान पक्षियों की सेवा की जाएगी। साथ ही पूर्व केबिनेट मंत्री देवीसिंह भाटी की इच्छा के अनुरूप छोटी-छोटी चिडियायों के आवास 1000 जूट प्लास्टिक निर्मित 'बर्ड केग नेस्ट' घोंसले भी वितरण किए जाएंगे। इसी के साथ पक्षियों की चुग्गा दाना जल सेवार्थ 11000 मिट्टी के पाळसियों का पेड़ों पर बांधने और स्कूल, मन्दिरों, मोहल्लों में यह कार्य किया जायेगा।

2400 श्रावक-श्राविकाओं ने किया सामूहिक एकासना

बीकानेर, महावीर जयंती पर गुरुवार को समस्त जैन समाज के सहयोग से जैन यूथ क्लब बीकानेर ओर से गंगाशहर के तेरापंथ भवन में सामूहिक एकासना का आयोजन किया गया। करीब 2400 श्रावक-श्राविकाओं ने एक पंक्ति में अनुशासन में बैठकर जैन धर्म व संस्कृति की मर्यादाओं की पालना करते हुए नवकार महामंत्र की धुन के साथ एकासना किया। जैन यूथ क्लब की ओर से महावीर जयंती पर लगातार दसवें वर्ष आयोजित सामूहिक एकासना (एक वक्त आहार) कार्यक्रम में जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ, तपागच्छ, पार्श्वचंद्र गच्छ, साधुमार्गी जैन संघ, जैन श्वेताम्बर तेरापंथ, शांत क्रांत संघ सहित विभिन्न जैन समुदाय के श्रावक-श्राविकाओं ने समानता, सद्भाव व शालीनता से हिस्सा लिया। जैन यूथ क्लब के करीब 150 कार्यकर्ता एक सी पोशाक में एकासना में पुरस्कारा, व्यवस्था बनाने में सेवाएं दी। प्रत्येक कार्यकर्ता सेवादारों व वैटरों की मॉनिटरिंग करते हुए तीन चरणों में श्रावक-श्राविकाओं को एकासना करवाया। सामूहिक एकासना की शुरुआत भगवान महावीर स्वामी के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करने, पुष्पांजलि देने से हुई। दिल्ली के विज्ञान भवन में 9 अप्रैल 25 को विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर प्रधानमंत्री के सामने नवकार महामंत्र व परमात्मा की स्तुति करने वाली साधुमार्गी जैन संघ के आचार्य श्री रामलाल जी महाराज की सुश्राविका अलका बैद डागा, उदयरामसर के बैगलूर प्रवासी विमल सिपानी, सुशील बैद, कन्हैयालाल बैद, वरिष्ठ श्रावक जेठमल सुराणा, श्रीमती इंदिरा बैद ने दीप प्रज्वलित किया। दिल्ली के विज्ञान भवन के माध्यम से विश्व के 108 देशों व भारत के 6000 से अधिक स्थानों पर नवकार महामंत्र का सीधा प्रसारण करने का गौरव प्राप्त करने वाली बीकानेर की अलका बैद डागा ने नवकार महामंत्र का जाप सस्वर करवाया तथा परमात्म स्तुति की। सामूहिक एकासना कार्यक्रम में शहर भाजपा अध्यक्ष सुमन छाजेड़, जैन पाठशाला सभा के अध्यक्ष विजय कोचर, ऋषभ सेठिया सहित जैन समाज के गणमान्य श्रावक-श्राविकाओं ने भागीदारी निभाई।

क्लिनिकल कांफ्रेंस आयोजित

बीकानेर । पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में वेटरनरी इंटरनल एवं प्रीवेन्टिव मेडिसिन, केनाइन वेलफेयर सोसाइटी तथा मेडिसिन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय वेटरनरी क्लीनिकल केस क्रांफ्रेस 'पालतु, फार्म व वन्य पशुओं के स्वास्थ्य प्रबन्धन पर एक नैदानिक दृष्टिकोण' विषय पर बुधवार को समाप्त हुई। कांन्फ्रेस के मुख्य अतिथि मंहत विमर्शानन्दगिरी महाराज, अधिष्ठाता ने अपने उद्बोधन में समाज में पशु चिकित्सकों की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा पशुपालकों की आर्थिक सुदृढ़ता हेतु अनुसंधान कार्यों का बढ़ावा देने हेतु प्ररित किया। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया की 'एकल स्वास्थ्य' की परिकल्पना प्राचीन काल से चली आ रही है। देश के विभिन्न राज्यों व विश्वविद्यालयों से आये हुए संकाय सदस्यों, फील्ड वेट्स द्वारा विभिन्न बीमारियों के निदान व ईलाज पर मंथन किया।

जया किशोरी का आध्यात्मिक कार्यक्रम 11 मई को

बीकानेर। मरुधरा की धूल भरी हवाओं में एक बार फिर प्रेरणा, भक्ति और जीवन के सार से भरपूर विचारों की साक्षात गंगा बहने वाली है बीकानेर में, जब प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता और मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी अपने ओजस्वी शब्दों से बताएंगी की 'सपनों को हकीकत में कैसे बदला जाए।' यह विशेष कार्यक्रम महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम 11 मई को आयोजित किया गया है। जया किशोरी अपने प्रभावशाली भाषणों, कथाओं और व्याख्यानों के माध्यम से युवाओं, महिलाओं और समाज के हर वर्ग को प्रेरणा देती आई हैं। अब बीकानेर में होने जा रहे इस कार्यक्रम में वे अपने अनुभवों और आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ यह बताएंगी कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है, चाहे राह में कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न हों। कार्यक्रम पूर्णतया चैरिटी पर आधारित है, अत: सभी वर्ग का विशेष ध्यान रखते हुए वाजिब टिकट दर तय की गई है। पर चूंकि सीट्स सीमित हैं टिकट ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को लेकर शहर में उत्साह और जिज्ञासाहै, कार्यक्रम मं् जया किशोरी जीवन प्रबंधन, आत्म-विश्वास, नैतिकता और सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखेंगी जो युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की राह दिखाएंगे। रोटरी क्लब रॉयल्स के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने बताया कि बीकानेरवासियों के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि जया किशोरी जैसी अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता ने इस आयोजन में आने की स्वीकृति दी है। वहीं रोटरी अपराइज की अध्यक्ष प्रियंका शंगारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से निकालने की सलाह दी।

मंत्री हीरालाल नागर का स्वागत

बीकानेर, ऊर्जा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार हीरालाल नागर आज बीकानेर दौरे पर रहे भाजपा देहात जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर पंचारिया, शहर जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़, भाजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट अशोक प्रजापत, भाजपा नेता दिलीप पुरी सहित अनेक नेताओं ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया भाजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट अशोक प्रजापत ने बीकानेर की बीकेसीएल कंपनी द्वारा आम जन को फ्यूल चार्ज,पावर प्रोजेक्ट के नाम पर बिल में फर्जी रिकवरी पर अंकुश लगाने की बात कही ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जयपुर रोड पर चीफ ऑफिस में अधिकारियों की बैठक ली बीकानेर के आम जन को और किसाने को बिजली को लेकर कोई परेशानी ना हो उसके लिए दिशा निर्देश दिए । बैठक में ऊर्जा राज्य मंत्री स्वतंत्र परिवार हीरालाल नागर, खाद्य आपूर्ति कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, विधायक जेठानंद व्यास विधायक विश्वनाथ मेघवाल कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी आदि मौजूद थे।

सूरतगढ़ पंचायत समिति के होंगे दो हिस्से

सूरतगढ़ । सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो सूरतगढ़ ब्लॉक में एक और पंचायत समिति का गठन होने जा रहा है। सूरतगढ़-बीकानेर एनएच 62 पर स्थित राजियासर कस्बे को पंचायती राज अधिनियम के तहत नई पंचायत समिति बनाना प्रस्तावित है। वहीं सूरतगढ़ तहसील में ग्राम पंचायतें भी 49 से बढ़कर 62 होने जा रही है। दरअसल, हाल ही में 28 दिसंबर 2024 को राजस्थान कैबिनेट ने पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन का निणर्न्य लिया था, जिसके तहत ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों, और जिला परिषदों की संख्या बढ़ाने की योजना है। इस निणर्न्य के बाद पंचायती राज विभाग ने पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें जिला परिषदों की स्थापना के साथ-साथ पंचायत समितियों के गठन पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इसी प्रक्रिया को लेकर श्रीगंगानगर कलेक्टर डॉ मंजू चौधरी ने गुरुवार को एक नोटिस जारी कर पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर आपत्ति नोटिस जारी किया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि राजियासर को पंचायत समिति बनाया जाना प्रस्तावित है। इसमें संलग्न प्रारूप पर यदि किसी को कोई आपत्ति तो तो 6 मई 2025 तक प्रस्तुत की जा सकती है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस के अनुसार सूरतगढ़ ब्लॉक की राजियासर ग्राम पंचायत को पंचायत समिति बनाया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में इसके अधीन 95,004 की जनसंख्या के साथ 27 ग्राम पंचायतों को रखा गया है। जिसमें सांवलसर, रत्तासर, लालगढिया (4 एलजीएम), हरिसिंहपुरा, 1 बीपीएसएम, भोपाल पुरा, हिंजरासर, राजियासर गांव, बीरमाना, बख्तावरपुरा, देईदासपुरा, गोविंदसर, गोपालसर, मोकलसर, रघुनाथपुरा, ठुकराना, गुडली, मालेर, राजियासर स्टेशन, सिंगरासर, करडू, 6 डीडबूयूएम, सोमासर, और रायांवाली शामिल है।

लू और तापघात के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

- जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने लू और तापघात के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बीकानेर, । जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने लू और तापघात के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा कार्य स्थलों पर छाया, पानी और दवाइयां की पर्याप्त व्यवस्था रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के लिए पानी की खेलियां भरवाने तथा पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का अभियान चलाने को कहा। जिला कलेक्टर ने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारी सभी गौशालाओं का निरीक्षण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि गौशालाओं में पेयजल छाया और चारे की कोई कमी नहीं हो। उन्होंने मोबाइल वेटरनरी वेन के टोल फ्री नंबर 1962 को प्रचारित करने के निर्देश दिए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर दो बेड तथा सीएससी में एक वार्ड लू और तापघात के रोगियों के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अस्पतालों में पानी और सभी दवाइयां उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा चिकित्सा संस्थानों की रेंडम चेकिंग की जाए। पंचायत में फेल ट्यूबवेल का सर्वे करते हुए समय रहते दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पीडब्लूयूडी तथा आरएसआरडीसी के कार्य स्थलों पर पानी और दवाइ्यों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीडब्लूयूडी द्वारा इन वर्क साइटों की सूचना संबंधित ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दी जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई हो सके।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों में दवा वितरण केंद्रों के आगे छाया की व्यवस्था हो। फूड सेफ्टी के मद्देनजर खाद्य सामग्री के अधिक से अधिक नमूने लिए जाएं। स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के उत्पादों की विशेष सैंपलिंग की जाए। आयुर्वेद विभाग के अस्पतालों में भी दवाइयां की पर्याप्त व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि जलदाय विभाग द्वारा पेयजल के अधिक से अधिक नमूने लिए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों का कोई भी जीएलआर ओवरफ्लो नहीं रहे। इसके मद्देनजर मिशन मोड पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में बर्फ बनाने वाली फैक्टियों की सघन चेकिंग करते हुए बर्फ बनाने में काम लिए जाने वाले पानी के नमूने लेने के निर्देश दिए। वही कहा कि कैंपर से सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जाए।

रोडवेज बस स्टैंड पर छाया पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निजी और रोडवेज की बसों में फर्स्ट एड किट और ओआरएस घोल उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम द्वारा आवश्यकता अनुसार सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाए। साथ ही निगम और बीडीए द्वारा संधारित उद्यानों की मॉनिटरिंग भी की जाए।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी और दवाईयों की व्यवस्था करने के साथ गर्भवती महिलाओं को लू और तापघात से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्कूलों में पानी की व्यवस्था के साथ बच्चों को अनावश्यक पाठ्य सामग्री स्कूल नहीं लाने, प्रत्येक कक्षा में पंखे चालू होने तथा घर से लंच बॉक्स लाने की स्थिति में बच्चों को सुपाच्य भोजन लाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी ओआरएस की घोल पर्याप्त मात्रा में होस् कोचिंग संस्थानों में पानी और दवाइ्यों की व्यवस्था करने के लिए कहा। साथ ही सहकारिता और मंडी के अधिकारियों को समर्थन मूल्य पर खरीद के दौरान छाया पानी की व्यवस्था करने, पंचायत की सेनेटरी डिग्रियों को साफ-साफ साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, उपवन संरक्षक एस शरथ बाबू,अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे.।

आउटडोर में उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े

बीकानेर, मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण पीबीएम अस्पताल में उल्टी दस्त के रोगी बढ़ गए हैं। सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है। इन दिनों आउटडोर में पहुंच रहे 60-70 प्रतिशत मरीज इसी बीमारी के हैं। इसका मूल कारण गर्मी बढ़ने से बाजार में ठंडे खाद्य एवं पेय पदार्थों का सेवन माना जा रहा है।

पीबीएम अस्पताल के मेडिसिन विभाग में आउटडोर हालांकि और दिनों की अपेक्षा कम है। मौसमी बीमारियों के दौर में आउटडोर में मरीजों की संख्या एक हजार से ऊपर पहुंच जाती है, जबकि वर्तमान में 600 से 700 मरीज आ रहे हैं। उनमें भी ज्यादातर उल्टी-दस्त के हैं। इसी प्रकार बच्चा अस्पताल में भी आउटडोर 500 से ऊपर पहुंच गया है। वहां 70 प्रतिशत बच्चे उल्टी दस्त से पीडित होकर आ रहे हैं। दस साल के कम उम्र वालों को दो-तीन दिन के लिए भर्ती भी करना पड़ रहा है।

विशेषज्ञों ने इन दिनों उल्टी दस्त का मुख्य कारण मौसम में बदलाव बताया है। उनका कहना है कि मार्च और अप्रैल में हर साल अचानक गर्मी तेज होने पर बच्चे और महिलाएं बाजार में शीतल पेय प